Journal of Advances and Scholarly Researches in Allied Education
Vol. 21, Issue No. 2, March-2024,(Special Issue), ISSN 2230-7540

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में शिक्षा डिजिटलाइजेशन ऑनलाइन शिक्षा और प्रौधोगिकी एक अध्ययन

**राजेन्द्र कुमार पिवहरे***

सहायक प्राध्यापक (हिन्दी), शा.महाविद्यालय वेंकटनगर, जिला-अनूपपुर (म0प्र0)

ईमेल - rajendrapiwhare011@gmail.com

*सारांश - राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के वर्तमान परिदृश्य में एक सकारात्मक बदलाव की परिचायक है, यह नीति उस परंपरागत ढांचे को प्रतिस्थापित करती है जो प्राचीन दशको से चली आ रही है, इसका लक्ष्य एक आधुनिक शिक्षा प्राणाली विकसित करना है जो पारंपरिक शिक्षा की कसौटी के परे हो, केन्द्रीय मंत्रिमण्डल से मजूरी के बाद 29 जुलाई 2020 को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 मंजूर किया गया, यह नीति भारत में शिक्षा जगत में एक मील का पत्थर है यह नीति स्कूल के घंटो को बढाकर ऑनलाईन सीखने को अपनाने और याद करने से दूर जाकर एक सुलभ स्थापित करने पर केंद्रित है, यह नीति शिक्षा को सुदृढ बनाने की सिफारिश करती है।*

*कीवर्ड - राष्ट्रीय शिक्षा नीति, डिजिटलाइजेशन, प्रौधोगिकी*

----------------------------------x----------------------------------

## प्रस्तावना

भारत में शिक्षा प्रणाली को बदलने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रमुख भूमिका है, जुलाई 2020 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को मंजूरी दी गई थी राष्ट्रीय शिक्षा नीति गुणवत्ता, समानता, वहनीयता, जवाबदेही और पंहुच की चुनौतियों के खिलाफ काम करती है,जो वर्तमान शिक्षा प्राणाली में सुधार कर भारत में शिक्षा प्राणाली की गुणवत्ता को बढावा, प्रौघोगिकी, ऑनलाइन शिक्षा शिक्षा डिजिटलाइजेशन के उपयोग को मजबूत करना और व्यवसायिक और व्यस्क शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करना है यह अनुशंसा करता है कि समग्र चर्चा पर विश्लेषण आधारित शिक्षा के लिये जगह बनाकर प्रत्येक विषय में पाठ्यक्रम का भार मुख्य आवश्यक सामग्री तक कम किया जाना चाहिये। नई परिस्थितिया और वास्तविकताओं के लिये नई पहले अपेक्षित है। संक्रामक रोगो और वैश्विक महामारियों मे हाल ही में वृद्वि को देखते हुए यह जरूरी हो गया हैं कि जब भी और जहां भी शिक्षा की पारस्परिक और विशेष साधन न हों । इस संबंध में नई शिक्षा नीति 2020 प्रौद्योगिकी की संभावित चुनौतियो को स्वीकार करते हुए उससे मिलने वाले लाभो के महत्व पर भी ध्यान केन्द्रित है। यह निर्धारित करने के लिए कि आॅनलाइन डिजिटल शिक्षा की हानियों को कम करते हुये कैसे इससे लाभ उठा सकते है।

## शोध पत्र क्रियाविधि

यह शोधपत्र आलोचनात्मक मूल्यंाकनात्मक वर्णनात्मक, विश्लेषणात्मक और व्याख्यात्मक विधियों का उपयोग करते हुये प्राथमिक द्वितीयक श्रोतों के माध्यम से डेटा संग्रह करके नवीन शिक्षा नीति 2020 आधारित है।

## अध्ययन का महत्व

इस शोध पत्र के माध्यम से पिछडे अध्ययन की समीक्षात्मक अध्ययन प्रस्तुत करते हुये नए अध्ययनो को प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। जिससे नई शिक्षानीति के अन्तर्गत शिक्षा के डिजिटलाइजशन आॅनलाईन शिक्षा और प्रौद्योगिकी के उपयोग से होने वाले बदलाव को सम का प्रयोग होगा।

## साहित्य समीक्षा

इस विषय पर पूर्व में  अनेक लेख प्रकाशित है, जिसमें ''नताशा पुरी (30 अगस्त 2019) ए रिव्यू आॅफ द नेशनल एजुकेशन पॉलिसी ऑफ द गर्वनरमेन्ट ऑफ इण्डिया ,द नीड फार डाटा डायमिनसन इन 215 ,सेनचुरी 12 , कुमार के (2005) क्वालिटी आॅफ एजु ऑफ एट बिगनिग ऑफ 21 सेंचुरी कुमार प्रकाश 21 वी सदी की मांग पूरी करेगी , नई शिक्षा नीति (आउटलुक हिन्दी 24 अगस्त 2020) गंगवाल सुभाष नई शिक्षा नीति 21 वीं सदी की चुनौतियों का मुकाबला (दैनिक नवज्योति पृष्ठ संख्या 422 अगस्त 2020) के अध्ययन महत्वपूर्ण है, परंतु नई शिक्षा नीति में शिक्षा डिजिटलाईजेशन आॅनलाईन शिक्षा और प्रौद्योगिकी का अघ्ययन नही किया गया है, जो एक महत्वपूर्ण विषय है, जो भविष्य में शिक्षा की दिशा निर्धारित करेगा ।इस शोध पत्र के अध्याय से इसका अध्ययन किया जायेगा ।

## अध्ययन विधि

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा डिजिटलाइजेशन ऑनलाइन शिक्षा और प्रौद्योगिकि एक प्रगतिशील समावेशी और लचीले स्वरूप् को अपनाना नई शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य है ये एक ऐसे शैक्षिक परिदृश्य की परिकल्पना करती है जो छात्रो के विकास को बढावा देते हुये उनकी अकादिम उत्कष्टता को बनाए रखने के साथ तेजी से बदलती दुनिया में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिये कौशल प्रदान करती है। नवीन शिक्षा नीति में ऑनलाइन शिक्षा, शिक्षा डिजिटलाइजेशन और प्रौद्योगिकी को अध्याय 23, एवं 24 में सम्मिलित किया गया है। डिजिटल इण्डिया का सपना पूरे देश को एक शशक्त समाज एवं ज्ञान आधारित डिजिटल रूप अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करता है। इसी की अधारशिला गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ प्रौयौगिका भी शैक्षिक प्रक्रिया परिणामों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। डिजिटल प्रौद्योगिकी और ऑनलाइन शिक्षा स्कूल से लेकर उच्चत्तर शिक्षा तक सभी उभरते हुए प्रदत्त को देखते हुये अपनाया गया है, जो निम्नलिखित पहलुओं की सफारिश करता है।

## आॅनलाइन शिक्षा के लिए पायलट अध्ययन

नए प्रौद्योगिकी क्षेत्र जैसे आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निग, ब्लॉकचेन , स्मार्ट बोर्ड , हस्त संचाजित कम्प्यूटिंग उपकरण और अन्य प्रकार के सफ्टवेयर द्वारा न केवल यह परिर्वतन होगा कि छज्ञत्र क्या सीखता है, वरन यह भी परिवर्तन होगा कि वह कैसे सीखता है।

## राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी की स्थापना

डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर -भारतीय भाषा में ऐसे सॉफ्टवेयर का निर्माण जो सुदृढ क्षेत्रो में रहने वाले छात्रो तथा दिव्यांग विद्यार्थियों सहित सभी के लिए सुलभ है।

- ऑनलाइन शिक्षण मंच उपकरण ।
- सामग्री निर्माण डिजिटल डिपाजिटरी और प्रसार।
- डिजिटल अंतर को कम करना ।
- वजुअल लैब।
- शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण प्रोत्साहन ।
- ऑनलाइन मूल्यांकन और परीक्षाएें।
- सीखने के मिश्रित मॉडल मानको को पूरा करना।
- ऑनलाइन चुनौतियों को समझना तथा उनका समाधान।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में शिक्षा डिजिटलाइजेषन आॅनलाइन शिक्षा और प्रौधोगिकी एक अध्ययन

इसके लिये गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने से संबंधित वर्तमान और प्रभावी चुनौतियों का सामना करने के लिऐ मौजूद डिजिटल प्लेटफाम और क्रियान्वित आई.सी.टी. आधारित पहलों को अनुमान और विस्तारित करना होगा। इसका लाभ तब तक नहीं उठाया जा सकता, जब तक डिजिटल इंडिया अभियान किफायती कम्प्यूटिंग उपकरणों की उपलब्धता जैसे ठोस प्रयासो के माध्यम से डिजिटल अंतर को समाप्त न कर सके।

यह जरूरी नहीं है कि ऑनलाइन और डिजिटल शिक्षा के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग समानता के सरोकारों को पर्याप्त रूप से संबोधित करें । प्रभावशाली -आॅनलाइन प्रशिक्षण बनने के लिए शिक्षकों को उपयुक्त प्रशिक्षण और विकास चाहिए। डिजिटल प्रौद्योगिकी के उद्वव और स्कूल से लेकर उच्चत्तर शिक्षा तक सभी स्थानों पर शिक्षण की आवश्यकता । विश्वस्तरीय डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर , शैक्षिक डिजिटल कंटैट सामग्री और क्षमता का निर्माण करने के लिए एक समिर्पित प्रकार का सृजन। केन्द्र सरकार में प्रशासन शिक्षा शैक्षिक प्रौद्योगिकी , डिजिटल शिक्षा शास्त्र और मूल्यांकन- ई- गवर्नेस आदि के क्षेत्र से जुडे । अतः स्पष्ट है कि जब तक इन चुनौतियों का समाधान नहीं किया जा सकेगा ,तब तक नई शिक्षा में

शिक्षा डिजिटलाइजेशन ,आॅनलाइन शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग में मुश्किलें आंएगी एवं इनके उपयोग से शिक्षा में होने वाले बदलाव को परिकल्पना मात्र परिकल्पना ही रह जाएगी।

## निष्कर्ष

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक प्रगतिशील लचीले और समावेशी शैक्षिक परिदृश्य की परिकल्पना करती है जो छात्रो को अकादमिक उत्कृष्टता को बनाये रखने और समग्र विकास को बढावा देने के साथ - साथ तेजी से बदलती दुनिया में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिये कौशल प्रदान करती है।

यह नीति एक व्यापक और एकीकृत शैक्षिक ढांचे की वकालत करती है, जिसमें कौशल विकास, अतः विषय शिक्षा और नवीन और विश्लेषणात्मक सोच की खेती को प्रथमिकता दी जाती है । इसके अलावा , यह शैक्षिक अनुभव को समृद्ध करने के लिए प्रौद्योगिकी और डिजिटल शिक्षण उपकरणों को एकीकृत पर जोर देता है ।

संक्षेप में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय शिक्षा परिदृश्य में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण काम है। विविध शिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करके रचनात्मकता को बढावा देकर और प्रौद्योगिकी की क्षमता का लाभ उठाकर छात्रों और आॅनलाइन शिक्षा, शिक्षा आरामजनक और न्यासंगत भविष्य की नीव रखती है।

## उपसंहार

एन.ई.पी. (NEP) 2020 शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर मूल्यंवान अंतदृष्टि और सिफारिशे प्रदान करता है, जिसमें अहुविषयक और समग्र शिक्षा की ओर बढ़ाना संस्थागत स्वायत्ता ,राष्ट्रीय अनुसंधान की स्थापना के माध्यम से गुणवत्ता अनुसंधान बढ़ावा देना ,शिक्षकों का निरंतर व्यवसायिक विकास शिक्षा का डिजिटलाइजेशन , ऑनलाइन शिक्षा प्रौद्योगिकी करण शामिल हैं। यह शिक्षा नीति शिक्षा संरचना के सभी पहलुओं में संशोधनों और सुझाव और सुधार का भी प्रस्ताव करता है, जो भारत की परंपरा संस्कृति और मूल्य प्रणाली के साथ-साथ 21वीं सदी की शिक्षा पहत्वपूर्ण लक्षों के साथ संरेखित है। शिक्षा के डिजिटलाइजेशन , ऑनलाइन शिक्षा और प्रौद्योगिकी को कई मौजूदा और प्रस्तावित पहलुओं के साथ शिक्षा से एकीकृत किया जाएगा । जो कि शिक्षा जगत में बदलाव की रूप रेखा प्रस्तुत करेगा ।

## संदर्भ ग्रंथ

1. नई शिक्षा नीति 2020 - स्कूल एजुकेशन ,बोर्ड एग्जाम ग्रेजुएशन डिग्री में हुये बडे बदलाव ,जाने 20 खास बातें। हिन्दुस्तान लाइव ,अभिगमन तिथि 30 जुलाई 2020 (मृत कड़ियाॅ)।
2. सिंह, प्रोफेसर दिनेश (29 जुलाई 2020) '' स्कूली और उच्च शिक्षा की बेडियां खोलेगी नई शिक्षा नीति '' द क्विंट अभिगमन तिथि 30 जुलाई 2020।
3. अब केमिस्ट्री के साथ म्यूजिक फिजिक्स के साथ फैशन डिजाइनिंग पढ़ सकेगंे छात्र ''आज तक '' अभिगमन तिथि 30 जुलाई 2020।
4. नई शिक्षा नीति से कितनी बदलेगी शिक्षा व्यवस्था ? जानिये क्या कहते है जानकार ''आज तक'' अभिगमन तिथि 31 जुलाई 2020।
5. नई शिक्षा नीति का समर्थन कर शशी थरूर बोले -कई लक्ष्य सच्चाई से परे बजट पर चिन्ता ''आज तक '' अभिगमन तिथि 31 जुलाई 2020।
6. सिंह सरोज (30 जुलाई 2020 ) नई शिक्षा नीति 2020 सिर्फ आर.एस.एस. का एजेंडा या आम लोगों की बात भी-''बी.बी.सी. हिन्दी'' ''आज तक '' अभिगमन तिथि 31 जुलाई 2020।
7. Nep 2020 Student, TeacherBodies call the new education policy 'Anti –democratic
8. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विशेषेतायें A Features at neweducation policy 2020.

**Corresponding Author**

**राजेन्द्र कुमार पिवहरे***

सहायक प्राध्यापक (हिन्दी), शा.महाविद्यालय वेंकटनगर, जिला-अनूपपुर (म0प्र0)

ईमेल - rajendrapiwhare011@gmail.com